दैनिक भास्कर

9 SUNDAY
कोटा, 9 फरवरी 2025


# KAUTILYA
COLLEGE

'Discover Your Passion, Define Your Future'

An English & Hindi Medium Co-Educational Institute

## REQUIREMENTS

- Principal
- Assit.Professor
- Physics
- Chemistry
- Mathematics
- Zoology
- Botany
- Hindi
- English
- History
- Geography
- Home Science
- Political Science
- Drawing.

M.A./M.Sc. (55%), NET/Ph.D (In Subject)

## CONTACT

**77422-88786**

kautilyattcollege@rediffmail.com

NH 27 by Pass Rawatbhata Road, Nayagaon, Kota

दैनिक
चम्बल संदेश
साथ के लिए, साथ के लिए

03

कोटा। शुक्रवार 31 जनवरी 2025

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से ही संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास

**संदेश न्यूज। कोटा.** छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ठ कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव उमंग 2025 के तहत पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. कैलाश सोडाणी, कुलपति कोटा विश्वविद्यालय ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ संगीता सक्सेना प्राचार्य, राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, कोटा एवं विशिष्ट अतिथि राजेश बिरला अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी समिति कोटा रहे।

डॉ नीलू चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण कोटा विश्वविद्यालय ने बताया कि युवा महोत्सव उमंग 2025 का आयोजन कोटा के पांच महाविद्यालयों मां भारती पीजी कॉलेज, मोदी इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, एलबीएस कॉलेज, कौटिल्य कॉलेज एवं ओम कोठारी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आयोजित 19 प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को



पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। युवा महोत्सव उमंग 2025 में प्रथम स्थान पर रहे सभी प्रतिभागी फरवरी में होने वाले इंटर जोनल अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ भावना शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए ,जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ संगीता सक्सेना ने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए छात्र जीवन में मस्तिष्क के दोनों भागों की समान सहभागिता का महत्व समझाया।

विशिष्ट अतिथि राजेश बिरला ने व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के योगदान एवं महत्व को समझाते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भारत के निर्माता है, उनके सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत महत्व रखते हैं।

कार्यक्रम में प्रो कैलाश सोडाणी कुलपति कोटा विश्वविद्यालय कोटा ने विद्यार्थियों से कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता होने से भी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेना है। अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अंकित शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में सभी विजेता विद्यार्थियों को 10 दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं वेस्ट जोन कंपटीशन के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रो रीना दाधीच, डॉ भवानी सिंह यादव, डॉ जेपी शर्मा, डॉ सुशील शर्मा, प्रो एम जेड खान, डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ पल्लवी शर्मा, डॉ विशाल जोशी, अध्यक्ष प्राइवेट कॉलेज संगठन, डॉ अमित राठौर, डायरेक्टर, ओम कोठारी कॉलेज एवं अन्य उपस्थित रहे।

02 राजस्थान पत्रिका
कोटा, शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025

# 'सांस्कृतिक कार्यक्रम से ही संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास'



कोटा. कोटा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित युवा महोत्सव उमंग-2025 के तहत पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना ने मस्तिष्क के दोनों भागों की समान सहभागिता का महत्व समझाया। कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजेता होने से भी महत्वपूर्ण है कार्यक्रमों में भाग लेना, विद्यार्थियों को सभी तरह की गतिविधियों में समान रूप से अपना योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि नागरिक सहकारी समिति के अध्यक्ष राजेश बिरला ने कहा कि व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अहम योगदान है। आज के विद्यार्थी ही कल के भारत के निर्माता हैं। प्रकोष्ठ की अधिष्ठाता डॉ. नीलू चौहान ने बताया कि कार्यक्रम कोटा के पांच महाविद्यालयों के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 19 प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल सचिव डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि प्रथम स्थान पर रहे सभी प्रतिभागी फरवरी में होने वाले इंटर जोनल अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अंकित शर्मा ने भी विचार प्रकट किए।

दैनिक
चम्बल संदेश
सब के लिए, सब से लिए
05
कोटा। रविवार 19 जनवरी 2025

# कौटिल्य कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव उमंग-2025 का आयोजन



संदेश न्यूज। कोटा. कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव, कोटा में शनिवार को कोटा विश्वविद्यालय और स्थानीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालयी सांस्कृतिक उत्सव 'उमंग' 2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार भावना शर्मा मुख्य अतिथि रही। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. नीलू चौहान, डॉ. अंकित शर्मा, डॉ.आशीष आशोपा, डॉ.केआर चौधरी, डॉ. दिव्या दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विवेक शर्मा, दयानन्द सप्रे एवं अंकिता चौरसिया ने जज की भूमिका का निर्वहन किया।

एसकेआईटी में अकलंक कॉलेज प्रथम, कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वितीय तथा प्रशांति कॉलेज ऑफ एजूकेशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमआईएमई में कौटिल्य टी. टी. कॉलेज प्रथम, कौटिल्य कॉलेज द्वितीय तथा कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री में राजकीय महाविद्यालय रामगंजमण्डी प्रथम, राजकीय महाविद्यालय कोटा द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय रामगंजमण्डी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कौटिल्य ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन हशरूद्दीन पठान, प्रबन्ध निदेशिका तबस्सुम पठान, डायरेक्टर समन पठान व सनद पठान, कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार उपाध्याय, कौटिल्य कॉलेज की प्राचार्या डॉ.सीमा पारीक एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

दैनिक
चम्बल संदेश
08
कोटा। रविवार 15 दिसम्बर 2024

# कौटिल्य महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित



**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव कोटा में शनिवार को आईक्यूएसी विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्राओं को सूखे मेवे के लड्डू, प्रोटीन पाउडर, विविध प्रकार के ज्यूस जैसे आवंला, चुकन्दर, हल्दी, अदरक और लेमन टी बनाने के तरीके और फायदे बताए गए। इस अवसर पर कौटिल्य ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन हशरूद्दीन पठान ने अपने अभिभाषण में भारतीय आयुर्वेद परम्परा के बारे में प्रकाश डाला।

कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार उपाध्याय ने सभी आभार व्यक्त किया।

757 *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र कोटा)

दैनिक
चम्बल संदेश

8 कोटा। गुरुवार 12 दिसम्बर 2024

# भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राध्यापिकाओं ने अलग-अलग भारतिय भाषाओं में कविता पाठ एवं भाषण की सुन्दर प्रस्तुतियाँ दी। छात्राध्यापिका अविका, हर्षिता, खुशी,राधिका, चंचल, नंदिनी सोनी, सपना, सोनू, अशिता, बेदांगी, आदि ने शानदार प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कौटिल्य ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन हशरूद्दीन पठान ने अपने अभिभाषण में भारतीय भाषाओं और स्वभाषा के प्रति सम्मान की बात कही तथा कहा कि सरकारी कार्यालयों, उत्सव व विविध आयोजनों में स्थानीय एवं प्रान्तीय भाषा और बोलियों को महत्व देना चाहिए। इस अवसर पर कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार उपाध्याय तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर, कोटा, रविवार, 1 दिसंबर, 2024

# कौटिल्य महिला बीएड कॉलेज में संगोष्ठी हुई




**कोटा|** कौटिल्य महिला बीएड कॉलेज में संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि कोटा विवि रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा, विशिष्ट अतिथि जेडीबी कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा चौहान रही। मुख्य वक्ता संभागीय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. अर्शी अब्बासी रहे। इस दौरान कौटिल्य ग्रुप के चेयरमैन हशरुद्दीन पठान, एमडी तबस्सुम पठान, प्राचार्य डॉ. महेन्द्र उपाध्याय, डॉ. सीमा पारीक उपस्थित रहे।

दैनिक
चम्बल संदेश
सच के लिए, सब के लिए
04
कोटा। शुक्रवार 29 नवम्बर 2024

# एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव, कोटा में 29 व 30 नवम्बर को भारतीय उच्च शिक्षा के अवसर और एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की रणनीतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ.भावना शर्मा रजिस्ट्रार कोटा विश्वविद्यालय कोटा और विशिष्ट अतिथि डॉ.सीमा चैहान प्राचार्या जेडीबी राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा होंगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. अनामिका शर्मा करेंगी। सेमिनार में मुख्य वक्ताओं में डॉ. दीपक श्रीवास्तव, संजीव कुमार मोदी, डॉ.अर्शी अब्बाशी रहेंगे।

दैनिक
चम्बल संदेश
04
कोटा। शुक्रवार 29 नवम्बर 2024

# एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव कोटा में 29 व 30 नवम्बर को भारतीय उच्च शिक्षा के अवसर और एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की रणनीतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ.भावना शर्मा रजिस्ट्रार कोटा विश्वविद्यालय कोटा और विशिष्ट अतिथि डॉ.सीमा चैहान प्राचार्या जेडीबी राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा होंगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. अनामिका शर्मा करेंगी। सेमिनार में मुख्य वक्ताओं में डॉ. दीपक श्रीवास्तव, संजीव कुमार मोदी, डॉ.अर्शी अब्बाशी रहेंगे।

दैनिक
चम्बल संदेश



कोटा। शनिवार 30 नवम्बर 2024

# कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी



**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव में शुक्रवार को 'भारतीय उच्च शिक्षा के अवसर और एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की रणनीतियां' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार कोटा विश्वविद्यालय डॉ. भावना शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सीमा चौहान ने संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। संगोष्ठी मे मुख्यावक्ता के रूप में मंडल पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव तथा मां भारती कॉलेज से डॉ. अर्शी अब्बाशी उपस्थित रहे। अतिथियों में डॉ मधु भारद्वाज, डॉ. राजावत संधू, दीपा आचार्य, कौटिल्य ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन हशरूद्दीन पठान, प्रवन्ध निदेशिका तबस्सुम पठान, कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार उपाध्याय, कौटिल्य कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा पारीक तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। संगोष्ठी में रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि अन्तर्गत स्कूल और महाविद्यालय स्तर पर आने वाली चुनौतियों को भावी पीढ़ी के लिए ध्यान में रखकर उच्चतम शैक्षिक मानक के अनुसार तैयार की गई है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा चौहान ने अभिभाषण में छात्राओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में नई शिक्षा नीति 2020 को मील का पत्थर बताया। डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि डिजीटल लाइब्रेरी, ई-लर्निंग के द्वारा विद्यार्थी शोध के क्षेत्र में शोधगंगा, शोधगंगोत्री आदि प्लेटफार्म द्वारा लाभान्वित हो सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कुमार उपाध्याय ने समस्त अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

दैनिक चम्बल संदेश

04

कोटा। रविवार 1 दिसम्बर 2024

# 'एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की रणनीति' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन




**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नयागांव में शनिवार को एनईपी 2020 के बाद भारतीय उच्च शिक्षा के अवसर और एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को लागू करने की रणनीतियां विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन सेमिनार प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण भार्गव (परीक्षा नियत्रक कोटा विश्वविद्यालय कोटा) और विशिष्ट अतिथि व मुख्यवक्ता प्रो. अनामिका शर्मा ने संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। संगोष्ठी के द्वितीय दिवस मे डॉ. संजीव कुमार मोदी (डायरेक्टर शोध संस्थान, पंजाब), डॉ.दीपशिखा नामदेव (प्राचार्या एलवीएस वी.एड कॉलेज कोटा), डॉ. विजेन्द्र सिंह (प्राचार्य कुंद-कुंद कहान कॉलेज रानपुर कोटा) तथा डॉ.नीरू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

अपने अभिभाषण में परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रवीण भार्गव ने कहा कि एनईपी 2020 में क्रेडिट सिस्टम के माध्यम से छात्रो के मुल्यांकन किया जा रहा है जो कि बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही सेमेस्टर वाइज परीक्षा के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्यवक्ता प्रो.अनामिका शर्मा ने अपने अभिभाषण में छात्राओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में नई शिक्षा नीति 2020 में निहित आधुनिक शैक्षिक तकनीकी की उपयोगिता के बारे में छात्राओं को बताया।

इस अवसर पर कौटिल्य ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन हशरूद्दीन पठान, प्रबंध निदेशिका तबस्सुम पठान, कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेंद्र कुमार उपाध्याय, कौटिल्य कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा पारीक तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

कौटिल्य ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन हशरूद्दीन पठान ने समस्त अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।

# चिल्ड्रन टीटी कॉलेज में नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**संदेश न्यूज। कोटा.** चिल्ड्रन टीटी कॉलेज दादाबाड़ी में नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के बीएड एवं डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया एवं बिना अग्नि के द्वारा व्यंजन तैयार किए एवं इनमें सर्वोत्तम व्यंजन प्रस्तुति के लिए जज प्रशांति बीएड कॉलेज कोटा की व्याख्याता अनुभा वाजपेयी एवं नीलम शर्मा थी। स्थानीय कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनामिका राठौर एवं जज प्रशांति कॉलेज की व्याखयाता अनुभा वाजपेयी एवं नीलम शर्मा द्वारा सभी व्यंजन के स्वाद, प्रस्तुति एवं पोषक मूल्य के आधार पर प्रथम श्रेणी में कॉलेज की बीएड प्रशिक्षणार्थी प्रीति रानी, खुशबू गुप्ता व द्वितीय श्रेणी में काजल गोयल, लुबना एवं तृतीय श्रेणी में शाहीन, शगुफ्ता एवं डीएलएड. से प्रथम श्रेणी में नगमा बेगम, पूजा शर्मा एवं द्वितीय श्रेणी में आकाश, विनय का चुनाव किया गया। उपरोक्त कार्यशाला का निरीक्षण कॉलेज निदेशक सीए मो. इस्लाम खान एवं मो. सलाम खान के साथ सभी स्टॉफ सदस्यों द्वारा किया गया।

चम्बल संदेश

15/9/2024

# कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में हिन्दी दिवस



**संदेश न्यूज। कोटा.** कौटिल्य महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नयागांव में दिन शनिवार को महाविद्यालय हिन्दी क्लब के तत्वावधान में हिन्दी दिवस पर काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राध्यापिकाओं नें मौलिक एवं साहित्यिक कविताओं का पाठ कर हिन्दी के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राध्यापिका प्रेरणा, निकिता, मुस्कान, किरण, संतोष, रमा, नीलू, दीपा, राधिका, दिव्या, तनिशा, अंजलि, लवलीना, डोली, कृष्णा आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि राजेश्वरी विजय ने हिन्दी दिवस के ऐतिहासिक एवं संवैधानिक स्थिति से छात्राओं को अवगत कराया। कॉलेज के चेयरमैन हशरूद्धीन पठान ने अपने अभिभाषण में हिन्दी के महत्व और वर्तमान स्थिति के बारे में सर्वोच्च न्यायालय में हिन्दी भाषा के व्यवहारिक आवश्यकता को लेकर अपने विचार प्रकट किए।